राजस्थान सरकार

निदेशालय, चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सेवायें, राजस्थान, जयपुर

क्रमांक : संस्था/राजप/सामा./प.26/2024/71 दिनांक : 11/03/2024

प्रमुख चिकित्सा अधिकारी
राजकीय यज्ञ नारायण चिकित्सालय
किशनगढ़ जिला अजमेर।

विषयः– चिकित्सा कर्मियों को उनके पदस्थापन स्थान से अन्यत्र स्थान पर किये गये कार्यसम्पादन/प्रतिनियुक्ति आदेश के संबंध में ।

संदर्भः– मुख्य सचिव कार्यालय का पीएलएस पोर्टल नम्बर 3348 दिनांक 01.03.2024 एवं संयुक्त शासन सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग राजस्थान जयपुर का पत्र दिनांक 09.03.2024 के क्रम में।

उपरोक्त संदर्भित विषयान्तर्गत लेख है कि आपके अधीन पदस्थापित चिकित्सा कर्मियों ने माननीय प्रधानमंत्री महोदय को शिकायत प्रेषित कर अवगत कराया है कि चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग में पदस्थापित कार्मिकों को उनकी सुविधा को देखते हुए उनके मूल पदस्थापन स्थान से उनके घर के नजदीक कार्यसम्पादन/प्रतिनियुक्ति पर लगाया लगाया जा रहा है जिसके कारण आम लोगों को उचित चिकित्सा सुविधा प्रदान नहीं हो पा रही है।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि आपके अधीन पदस्थापित चिकित्सा कर्मी में से कितने कार्मिकों को उनके मूल पदस्थापन स्थान से कार्यसम्पादन/प्रतिनियुक्ति पर अन्यत्र स्थान पर लगाया गया है की सूची के साथ–साथ आदेश जारी करने वाले अधिकारियों की सूचना एवं ऐसे आदेश किसकी अनुमति से जारी किये गये हैं के संबंध में आज ही निदेशालय को अवगत कराया जाना सुनिश्चित करें।

निदेशक (जन स्वास्थ्य)
चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें
राजस्थान, जयपुर।

दिनांक : 11/03/2024

क्रमांक : संस्था/राजप/सामा./प.26/2024/71

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. संयुक्त शासन सचिव, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य (ग्रुप–2) विभाग राजस्थान जयपुर।
2. संयुक्त निदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें, जोन अजमेर।
3. प्रभारी सर्वर रूम मुख्यालय को भेजकर लेख है कि उक्त पत्र को आज ही विभागीय वैबसाईट पर अपलोड करें।
4. रक्षित पत्रावली।

निदेशक (जन स्वास्थ्य)
चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें
राजस्थान, जयपुर